विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2022 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या-20 का उत्तरः-

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 20.(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ में नगर निगम क्षेत्र लखनऊ की मान्यवर कांशीराम शहरी आवास योजना, सेक्टर पी0 बसन्त कुंज, दुबग्गा, लखनऊ में चार मंजिला आवास निर्मित हैं ? | जी हाँ। |
| (ख) | यदि हाँ, तो वहाँ जल कल विभाग नगर निगम जोन-6 बालागंज, लखनऊ द्वारा पीने के पानी की सप्लाई की जाती है, लेकिन तीसरी व चौथी मंजिल पर पानी न पहुँचने के कारण वहाँ के निवासी परेशान रहते हैं ? | वर्तमान में जलकल विभाग,नगर निगम, लखनऊ जोन-6 द्वारा क्षेत्र में शुद्ध व क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति की जा रही है जो चौथी मंजिल पर भी पहुंच रही है। |
| (ग) | यदि हाँ, तो उक्त कालोनी के निवासियों को पानी आपूर्ति की सही व्यवस्था करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | यदि हाँ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड.) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नही उठता। |

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्य मंत्री।